प्रेस विज्ञप्ति

श्री एम वी मुरली कृष्ण को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया

श्री एम वी मुरली कृष्ण ने 1 दिसंबर, 2022 से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया. इस वर्तमान पद पर पदोन्नति से पूर्व, श्री मुरली कृष्ण बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक थे. बैंक ऑफ बडौदा में उनकी अंतिम पदस्थापना हेड ऑफ कॉर्पोरेट एंड इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट - लार्ज कॉर्पोरेट थी.

बैंकिंग और वित्त में एमबीए, श्री मुरली कृष्ण ने प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ अपना करियर शुरू किया और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं में तीन दशकों से अधिक का पेशेवर बैंकिंग अनुभव है. उनकी विशेषज्ञता बैंकिंग के सभी प्रमुख क्षेत्रों तक फैली हुई है, जिसमें कॉर्पोरेट क्रेडिट, अंतर्राष्ट्रीय परिचालन, ग्रामीण और कृषि बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, एनआरआई व्यवसाय आदि शामिल हैं.

बैंकिंग उद्योग में अपने दीर्घ कार्यकाल के दौरान, उन्होंने शाखाओं से लेकर क्षेत्रीय कार्यालयों और विदेशी क्षेत्र से कॉर्पोरेट कार्यालय तक काम किया. उन्होंने बड़े कॉरपोरेट के प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय परिचालन के प्रमुख, ग्रामीण और कृषि विभाग के प्रमुख और वित्तीय समावेशन विभाग के प्रमुख जैसे दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है.

श्री मुरली कृष्ण ने बीओबी कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक और एएफसी लिमिटेड (कृषि वित्त निगम) के बोर्ड में निदेशक के रूप में भी कार्यभार संभाला है.

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx